RAF SECTOR
NEWS CLIP
23/05/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Mahanagar times, Jaipur(R.J)

83 बटालियन में 210 ने लगवाई कोरोना वैक्सीन

महानगर संवाददाता

जयपुर। रामगढ़ रोड लालवास स्थित 83वीं बटालियन, द्रुत कार्य बल कैंपस में गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार बटालियन अस्पताल 83 बटालियन के कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में 18 से 45 साल के कार्मिकों और परिजनों का वैक्सीनेशन किया गया। इस मौके पर 210 सदस्यों को टीका लगाया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के पुलिस महानिरीक्षक विक्रम सहगल ने कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर से सतर्क रहने के लिए जागरूक किया। बटालियन चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार धाकड़ ने कहा कि कोविड से बचाव के लिए टीकाकरण बहुत जरूरी है। साथ ही हमेशा मास्क पहनकर रखें, समय-समय पर साबुन से हाथ धोए, अनावश्यक घरों से बाहर नहीं निकलें, एक-दूसरे से दो गज की दूरी बनाए रखें। किसी को बुखार, खांसी, जुकाम, बदन दर्द होने पर घबराए नहीं। तुरंत नजदीकी अस्पताल में जांच करवाएं तथा डॉक्टर के परामर्श के अनुसार दवाओं का सेवन करें। दवाओं के सेवन के साथ-साथ अपने आप को आइसोलेशन में रखें।

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।